


# जनवरी 2016

## Most IMP Current Affairs

www.crackgpsc.com

Crack GPSC

# जनवरी 2016

## Current Affairs
## 1st to 31st December 2015

## We are famous for...

**The Most IMP,**

**Authentic,**

**To the point,**

**Up to date**

## Material

www.crackgpsc.com



## Most Imp Current Affairs

- इजरायली सेना ने भारत के साथ संयुक्त रूप से विकसित लम्बी दूर तक मार करने वाली 'बराक-8' मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- विश्व रोबोट ओलंपियाड कतर की राजधानी दोहा में आयोजित किया गया। 2016 की प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित होगी।
- सौर उर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए बिल गेट्स, मुकेश अंबानी, रतन टाटा और जैक मा समेत दुनिया के विशिष्ट उद्योगपतियों ने एक समझौता किया। इसे ब्रेकथ्रू एनर्जी कोऐलिशन नाम दिया गया है जिसमें 28 अंतरराष्ट्रीय निवेशक शामिल हैं। इस में 100 से अधिक देश शामिल होंगे जहां सूर्य का प्रकाश प्रचुरता से उपलब्ध होता है।
- ब्रिटिश वकील पेट्रीसिया स्कॉटलैंड राष्ट्रमंडल महासचिव नियुक्त। वह राष्ट्रमंडल में महासचिव बननेवाली पहली ब्रिटिश महिला नागरिक बनी। वह एक अप्रैल 2016 को भारत के कमलेश शर्मा की जगह लेगी।
- राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 31 जमीनी स्तर के अविष्कारों के लिए आईआईएम अहमदाबाद में बच्चों को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम इग्नाइट अवार्ड प्रदान किये।

**डॉ अब्दुल कलाम इग्नाइट 2015 अवार्ड**

- यह राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी विकास के लिए 17 वर्ष तक की आयु के बच्चों द्वारा किये गए अविष्कारों के लिए दिया जाने वाला पुरस्कार है।
- प्रत्येक वर्ष डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस पर 15 अक्टूबर को इग्नाइट अवार्ड की घोषणा की जाती है।

- दिन-रात का प्रथम टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। ऑस्ट्रेलिया ने यह सीरीज़ 2-0 से जीती। इस मैच में पहली बार लाल गेंद की अपेक्षा गुलाबी गेंद से खेला गया इसलिए इसे पिंक बॉल टेस्ट के नाम से भी जाना गया।
- पी वी सिन्धु ने लगातार तीसरी बार मकाऊ ओपन ग्रां प्री गोल्ड बैडमिंटन टूर्नामेंट जीता।
- ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने डेविड गॉफिन को हराकर डेविस कप खिताब जीता।
- सिटी बैंक तथा स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में काम कर चुके भारत के सोम सुब्रतो को दुबई के वित्तीय समूह मशरिक के खुदरा बैंकिंग कारोबार का प्रमुख नियुक्त किया गया।
- जर्मन फॉर्मूला 1 ड्राइवर निको रोसबर्ग ने अबु धाबी ग्रैंड प्रिक्स को जीत लिया।
- इथियोपियन बिरहानु लेगेसी और केन्याई सिंथिया लिमो ने क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग की एयरटेल दिल्ली हाफ मैराथन जीत ली।

www.crackgpsc.com

- सऊदी अरब में पहली बार महिलाओं को नगर निगम चुनावों में वोट डालने एवं चुनाव लड़ने का अधिकार प्रदान किया गया।
- एशियन बिज़नेस लीडरशिप फोरम, दुबई (एबीएलएफ) 2015 में हिंदुजा ब्रदर्स को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया।
- केंद्र सरकार ने इंजेक्शन इनएक्टिवटेड पोलियो वैक्सीन (आईपीवी) का शुभारंभ किया।
- अनिल कुंबले ने मुंबई इंडियंस के 'चीफ मेंटर' पद से त्यागपत्र दिया।
- पोलैंड के फुटबॉल खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने नौ मिनट में पांच गोल करके विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- भारत और फ्रांस ने पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का शुभारंभ किया। यह गठबंधन राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान, गुड़गांव से संचालित होगा। इस का मुख्य उद्देश्य उष्णकटिबंधीय देशों को सौर्य उर्जा के उचित दोहन के लिए एक मंच पर लाना है।
- 46वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ए आर रहमान थे। सर्वश्रेष्ठ फिल्म - एम्ब्रेस ऑफ़ द सर्पेंट, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - पीटर ग्रीनअवे।
- संयुक्त राष्ट्र प्रमुख बान की मून ने विश्व के जलवायु परिवर्तन प्रभावित देशों में 'एंटीसिपेट, एब्सोर्ब, रीशेप' नामक पहल आरंभ की।
- रोच मार्क क्रिस्टियन काबोर पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो के राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित।
- प्रसिद्ध सारंगी वादक उस्ताद सबरी खान का निधन हो गया।
- केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति इरानी ने आईआईटी गांधीनगर, गुजरात में ज्ञान (ग्लोबल इनिशियेटिव ऑफ़ एकेडमिक नेटवर्क्स) योजना का शुभारम्भ किया।

**ग्लोबल इनिशियेटिव ऑफ़ एकेडमिक नेटवर्क्स (जीआईएएन)**

- इस का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से देश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है।
- इस योजना के अंतर्गत विभिन्न देशों के शिक्षाविदों को भारत में अल्पकालिक पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

- जनसेवा में प्रौद्योगिकी और मोबाइल एप्प जैसे संसाधनों के उचित उपयोग के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को ई-इंडिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- आईसीबीसी (इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चायना लिमिटेड) टाटा समूह का रणनीतिक सहयोगी बना।
- झारखण्ड राज्य सूखाग्रस्त घोषित।

www.crackgpsc.com

- ब्रिक्स देशों का पहला मीडिया शिखर सम्मेलन 1 दिसम्बर 2015 को चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित किया गया। चीन की समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने इस पहल की शुरुआत की।
- प्रख्यात वायलिन वादक लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम संगीत सम्मान से सम्मानित किए जाएँगे। सलाम बॉम्बे और मिसिसिपी मसाला जैसी फिल्मों में उन्होंने वायलिन पर मधुर दी थी।
- वित्त वर्ष 2015-16 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में राष्ट्रीय विकास दर में 7.4% की वृद्धि दर्ज।
- ठाकुर अनूप सिंह ने बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में मिस्टर वर्ल्ड-2015 का खिताब जीता।
- भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक सर वेंकटरमन रामकृष्णन ने लंदन में रॉयल सोसाइटी का अध्यक्ष पद ग्रहण किया।

**सर वेंकटरमन रामकृष्णन**

- उन्होंने ने टॉम स्टित्ज़ और ऐडायोनाथ के साथ 2009 में रसायन विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया था। उन्होंने आनुवंशिक जानकारी का अध्ययन किया।

- विजय कुमार चौधरी बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल संसाधन प्रबंधन और विकास सहयोग के क्षेत्र में भारत और इजरायल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर के लिए मंजूरी दी।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दोहरे कराधान से बचाव हेतु समझौते (डीटीएसी) को मंजूरी प्रदान की। इसका उद्देश्य कर सम्बन्धी सूचना का आदान-प्रदान सुगम बनाना है।
- मशहूर उद्योगपति और पूर्व राज्यसभा सांसद एमएएम रामास्वामी का निधन हो गया।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जर्मनी के साथ सौर ऊर्जा हेतु भारत और जर्मनी के बीच समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी।
- जहाज निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल को सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क से मुक्त करने की घोषणा।
- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सैंडी बर्गर का निधन। उन्होंने कारगिल युद्ध में अमेरिका का झुकाव भारत की ओर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने छह नए आईआईटी स्थापित करने की मंजूरी दी।
- ब्रिकवर्क रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के मामले बिहार सबसे आगे। महाराष्ट्र सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा।
- उबेर ने विकलांग एवं वृद्ध लोगों के लिए उबेरअसिस्ट नामक विशेष सेवा शुरु की।
- विश्व में स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को गति देने के लिए पेरिस ले बर्जत, फ्रांस में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 2015 सीओपी 21 (COP21) के मंच से भारत सहित 20 प्रतिभागी देशों द्वारा "मिशन इनोवेशन" का शुभारंभ किया गया। यह देश 2020 तक स्वच्छ ऊर्जा अनुसंधान और विकास के वित्तपोषण को दोगुना करेंगे। इस मिशन का उद्देश्य सभी के लिए सस्ती और



www.crackgpsc.com

विश्वसनीय ऊर्जा प्रदान करने के साथ आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों में वृद्धि करना है।

- एक्सिस बैंक ने एनआरई खाताधारक प्रवासी भारतीय ग्राहकों के लिए डिस्पले आधारित डेबिट कार्ड जारी किया। इसके साथ ही यह सुविधा देने वाला वह देश का पहला बैंक बन गया।

**डिस्पले आधारित डेबिट कार्ड**

> - इस ईएमवी समर्थित डेबिट कार्ड में एक डिस्प्ले और टच बटन है। इसके माध्यम से ग्राहक स्वयं वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) जेनरेट कर सकते हैं। इससे इंटरनेट बैंकिंग के जरिए लेनदेन के दौरान ओटीपी पाने के लिए एसएमएस और ईमेल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

- अमिताभ बच्चन ने इंटरनेशनल प्रीमियर टेनिस लीग (आईपीटीएल) की फ्रेंचाइजी ओयूई सिंगापुर स्लैमर्स की साझेदारी में स्वामित्व हासिल किया।
- 3 दिसम्बर 2015 को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया गया।
- टीएस ठाकुर ने भारत के प्रधान न्यायाधीश पद की शपथ ली। वे देश के 43वें मुख्य न्यायाधीश बन गए। उन्होंने न्यायमूर्ति एचएल दत्तू का स्थान लिया।
- दिल्ली विधानसभा में विधायकों की बेसिक सैलरी में 400% बढ़ोतरी का विधेयक बहुमत से पारित।
- फ्लिपकार्ट ने मैपमायइंडिया में हिस्सेदारी खरीदी। इसका उद्देश्य डिलवरी चेन को मजबूत बनाना है।
- हिमाचल प्रदेश रोटावायरस टीकाकरण परियोजना शुरू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया।
- गेल ने इसरो की एक इकाई नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर के सहयोग से 'भूवन गेल पोर्टल' नाम का एक पाइपलाइन निगरानी भू-पोर्टल लॉन्च किया।
- प्रथम भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव आईआईटी-दिल्ली में प्रारंभ हुआ।
- 4 दिसंबर 2015 को 44 वां नौसेना दिवस मनाया गया।
- आन्ध्र प्रदेश केंद्र सरकार की उज्जवल डिस्कॉम आश्वासन योजना में शामिल होने वाला पहला राज्य बना। इस योजना का उद्देश्य कर्ज में डूबी उर्जा कम्पनियों का पुनरुद्धार करना है।
- चीन में घरेलू स्तर पर विकसित बिजली चालित विमान आरक्स1 ई (RX1E) के उत्पादन के लिए मंजूरी दी गई। यह चीन का पहला मानवयुक्त बिजली चालित विमान होगा।
- ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए चम्बल सफारी लॉज, आगरा में देश के सबसे बड़े ''बर्ड फेस्टिबल'' का आयोजन किया गया।
- भारत ने शारीरिक रूप से नि:शक्त खिलाड़ियों की टी-20 इंडो-पाक दोस्ताना क्रिकेट सीरीज जीती।



www.crackgpsc.com

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ अम्बेडकर के 125वें जन्मदिवस के अवसर पर 125 रुपये और 10 रुपये के स्मारक सिक्के जारी किये।
- देश की पहली डबल डेकर गोवा-मुंबई शताब्दी रेलगाड़ी शुरू।
- बड़े पैमाने पर जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए चार यूरोपियन देशों जर्मनी, नॉर्वे, स्वीडन एवं स्विट्ज़रलैंड ने पेरिस में परिवर्तनकारी कार्बन एसेट सुविधा (टीसीएएफ) शुरू की।
- सुब्रमण्यन समिति ने रिपोर्ट में जीएसटी हेतु स्टैंडर्ड रेट लगाने की सिफारिश की।
- माह अप्रैल से सितंबर तक (छह माह) के दौरान भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में सिंगापुर शीर्ष पर। उसने मॉरीशस का स्थान लिया।
- काहेर काजेम जनरल मोटर्स (इंडिया) के प्रमुख नियुक्त।
- विश्व के दूसरे देशों में ऑनलाइन शिक्षा देने वाली खान अकादमी ने भारतीय बाजार के लिए टाटा ट्रस्ट के साथ नि: शुल्क ऑनलाइन शिक्षा देने हेतु पांच साल के लिए समझौता किया।
- आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका प्रथम भारत दूसरे स्थान पर।
- बुब्बा वाटसन ने हीरो वर्ल्ड चैलेंज गोल्फ खिताब जीत लिया।
- जॉय बांदेकर एप्प आधारित टैक्सी सेवा प्रदाता कम्पनी ओला के कॉरपोरेट अध्यक्ष नियुक्त।
- ऑस्ट्रेलिया ने बेल्जियम को हराकर पुरुषों का हॉकी विश्व लीग ख़िताब जीता।
- आईपीएल टीम दिल्ली डेयरडेविल्स ने गैरी कर्स्टन को मुख्य प्रशिक्षक पद से हटाया।
- 7 दिसंबर 2015 को सशस्त्र सेना ध्वज दिवस मनाया गया।
- टेक महिंद्रा को 'फोर्ब्स टॉप 100 मिडिल ईस्ट - ग्लोबल मीट्स लोकल 2015' पुरस्कार दिया गया। इस पुरस्कार के लिए उन बड़ी कंपनियों का चयन किया जाता है, जिनकी वैश्विक कंपनी होने के साथ-साथ पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय कार्यालय भी है।
- अफ्रीकी देशों और दाताओं के गठबंधन ने जलवायु परिवर्तन पर पेरिस में हुए 195 देशों के संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के एक सम्मेलन के मौके पर अफ्रीकन रेस्टॉरेशन इनिशिएटिव (एएफआर 100) का शुभारम्भ किया।

**एएफआर 100**

- इस महत्वाकांक्षी पहल की योजना साल 2030 तक 100 मिलियन हेक्टेयर (250 मिलियन एकड़) पर पुनः जंगल लगाने की है। एएफआर 100 इनिशिएटिव का उद्देश्य वनों के पुनर्विकास को पोषित करना है ताकि वह शक्तिशाली कार्बन सिंक बन सके, जलवायु परिवर्तन की वजह से बन रहे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर सके और गांव के गरीबों को आजीविका प्रदान कर सके।

- सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसिड अटैक पीड़ितों को विकलांगों की श्रेणी में रखने का निर्देश।
- 'एलसीयू – एल 55' पांचवां युद्ध पोत भारतीय नौसेना के वाइस एडमिरल के सुपुर्द किया गया।

www.crackgpsc.com

**'एलसीयू" (लैंडिंग क्रॉफ्ट यूटिलिटी) – एल 55**

- 'एलसीयू – एल 55' आठ लैंडिंग क्रॉफ्ट यूटिलिटी शिप्स की श्रृंखला का पांचवां पोत है।
- युद्ध पोत एलसीयू एमके 4 (लैंडिंग क्राफ्ट यूनिट मार्क 4) परियोजना का हिस्सा है। इस परियोजना के तहत श्रृंखलाबद्ध आठ युद्ध पोत जीआरएसई द्वारा भारतीय नौसेना के लिए तैयार किए जाने हैं।
- पोत को जीआरएसई (गोल्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड) ने निर्मित किया है।
- जीआरएसई निर्मित युद्ध पोत भारतीय तटवर्ती सीमाओं की रक्षा के लिए व दुश्मन की गतिविधियों पर निगरानी के लिए जाना जाता है। पोत की तैनाती विविध प्रकार की भूमिकाओं वाली गतिविधियों यथा बीचिंग ऑपरेशन्स, मानवीय एवं आपदा राहत कार्यों तथा दूरदराज के टापुओं से लोगों को निकालने के लिए की जाएगी।

- महाराष्ट्र, विधानमंडल में ऑनलाइन प्रश्नों की अनुमति देने वाला देश का पहला राज्य बना। इस कदम का उद्देश्य कागज के प्रयोग को कम करना है।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी "नासा" के कार्यक्रम के तहत ऑर्बिटल एटीके सिग्नस कार्गो अंतरिक्ष यान आवश्यक आपूर्ति OA-4 के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए लांच किया गया। (6)
- सेबी ने ग्रीन बौंड जारी करने के लिए अवधारणा पत्र जारी किया।

**ग्रीन बौंड**

- ग्रीन बौंड किसी भी अन्य बौंड की ही तरह है जहां एक निकाय धन जुटाने के लिए निवेशकों के लिए ऋण साधन जारी करते हैं। हालांकि ग्रीन बौंड का लाभ 'हरित' परियोजनाओं के वित्त पोषण में उपयोग के लिए होता है। भारत में अभी तक सिर्फ चार संस्था–यस बैंक, सीएलपी इंडिया, आईडीबीआई बैंक और एक्जिम बैंक ऑफ इंडिया ने देश में ग्रीन बौंड जारी किए हैं।

- चीन की राजधानी बीजिंग ने खतरनाक स्तर तक पहुंचे वायु प्रदूषण को लेकर वर्ष का पहला 'रेड अलर्ट' जारी किया। यहाँ प्रदूषण की एमआई 256 से ज्यादा है, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। इससे हृदय और फेफड़े संबंधी बीमारियां हो सकती हैं और सामान्य लोगों को सांस संबंधी दिक्कतें पैदा हो सकती हैं। बीजिंग ने वायु प्रदूषण संबंधी अलर्ट को 'नारंगी' रंग से बदल कर सर्वाधिक स्तर वाले लाल रंग का कर दिया।
- प्रीमियर बैडमिंटन लीग हेतु खिलाडियों की नीलामी में साइना और ली चोंग वेई सबसे महंगे खिलाड़ी बनें।

www.crackgpsc.com

- केंद्र सरकार ने लोकसभा में परमाणु ऊर्जा (संशोधन) विधेयक, 2015 पेश किया। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य नई परमाणु बिजली परियोजनाओं की स्थापना में आने वाली समस्याओं को दूर करना और स्थापना में होने वाली देरी को कम करना है।
- इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2015 के अनुसार भारत के वन क्षेत्रों में 5081 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई है। वन क्षेत्रों में बढ़ोतरी सबसे ज्यादा तमिलनाडु में दर्ज की गई। देश में सबसे अधिक वन मध्यप्रदेश में, 77462 वर्ग किमी है। प्रतिशत के मामले में 88.93 फीसदी वन के साथ मिजोरम पहले स्थान पर है।
- पंजाब मार्शल टीम ने चैपियंस टेनिस लीग-2015 का ख़िताब जीता।
- वर्ष 2017 तक के आईपीएल सेशन के लिए पुणे एवं राजकोट को चेन्नई सुपर किंग्स एवं राजस्थान रॉयल्स टीमों के स्थान पर अंतरिम फ्रैंचाइज़ी चयनित किया गया।
- दिल्ली सरकार ने बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए सम - विषम नंबर प्लेट योजना शुरू की। इस फैसले को 1 जनवरी 2015 से लागू करने की योजना है।

**सम - विषम नंबर प्लेट योजना**

- दिल्ली में एक दिन सम तो दूसरे दिन विषम नंबर प्लेट की गाड़ियां सड़कों पर चलेगी।
- सम तिथि के दिन सम संख्या की कार और विषम तिथि के दिन विषम संख्या की कार चल सकेगी।
- यह नियम दिन में सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक ही लागू रहेगा।

- भारतीय मूल के एक अमेरिकी उद्यमी और परोपकारी व्यक्ति फ्रैंक इस्लाम को उनकी उपलब्धियों और विदेश में उल्लेखनीय योगदान के लिए उत्तर प्रदेश रत्न पुरस्कार। उत्तर प्रदेश प्रवासी दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सम्मानित करेंगे।

**यूपी प्रवासी दिवस**

- उत्तर प्रदेश प्रवासी दिवासी वर्ष 2016 में 4 से 6 जनवरी के मध्य आगरा में आयोजित किया जाएगा।
- इस की शुरुआत वर्ष 2014 में उत्तर प्रदेश में एनआरआई विभाग की स्थापना के साथ हुई।

**उत्तर प्रदेश रत्न पुरस्कार**

- राज्य से प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों और उत्कृष्ट योगदान को पहचान करने के लिए स्थापित किया गया।

www.crackgpsc.com

- राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी), भोपाल मध्यप्रदेश ने एंटी-कैंसर मॉलीक्यूल की खोज की घोषणा की। इस नए मॉलीक्यूल का संक्षिप्त नाम सीटीआर-17 और सीटीआर-20 है।
- अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) के पूर्व रेफरी एसके भट्टाचार्य का पश्चिम बंगाल में निधन।
- न्यूजीलैंड के औपचारिक रूप से एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) का सदस्य बनने की न्यूजीलैंड के वित्त मंत्री बिल इंग्लिश ने घोषणा की। एआईआईबी का औपचारिक रूप से संस्थापक सदस्य बनने वाला न्यूजीलैंड नौंवा देश है।
- अमेरिका की ग्लोबल फाईनांशियल इंटेग्रिटी (जीएफआई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत कालाधन विदेश में जमा करने के मामले में चौथे स्थान पर। चीन इस सूची में प्रथम और मेक्सिको दूसरे स्थान पर है।
- बीजिंग (चीन) ने खतरनाक स्तर तक पहुंचे वायु प्रदूषण को लेकर वर्ष का पहला '**रेड अलर्ट**' जारी किया।
- क्रिसन इल्युमज़िनोव ने विश्व शतरंज फेडरेशन (फिडे) के अध्यक्ष पद से इस्तीफ़ा दिया। इस्तीफ़ा संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा जारी सीरिया शासन को सहायता पहुँचाने वाले लोगों की सूची में नाम आने पर दिया।
- फीफा क्लब विश्व कप और विश्व की सबसे बड़े ऑनलाइन और मोबाइल कॉमर्स समूह अलीबाबा की एक ब्रांड अलीबाबा ई-ऑटो के मध्य वर्ष 2015 से वर्ष 2022 के लिए, 8 वर्षों का समझौता हुआ है। फीफा क्लब विश्व कप 2015 का आयोजन जापान में 10 दिसम्बर 2015 से 20 दिसम्बर 2015 तक।
- ब्रिटेन में डेसमंड तूफान के कारण जनजीवन प्रभावित।
- ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप के महिला एकल वर्ग के खिताबी मुकाबले में स्पेन की कैरोलीन मरीन की जीत के साथ वो साल की सर्वश्रेष्ठ महिला बैडमिंटन खिलाडी बनीं।
- लातविया की पहली महिला प्रधानमंत्री लैमदोता स्ट्रौजुमा ने लातविया की संसद हेतु संपन्न चुनाव के पश्चात् नए सरकार के गठन हेतु अपने पद से इस्तीफा दिया। लैमदोता स्ट्रौजुमा वर्ष 2014 में लातविया की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं थीं।




www.crackgpsc.com

- केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) महेश शर्मा ने राष्ट्रीय संग्रहालय की आर्ट गैलरी का शुभारंभ दिल्ली स्थित उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर किया।
- अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (आईबीफ) ने ब्रिटिश हैवीवेट मुक्केबाजी चैम्पियन टायसन फ्यूरी से विश्व आईबीफ खिताब वापस लेने की घोषणा की।
- भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बैंगलोर को अमेरिका सेना से सौर ऊर्जा से संचालित होने वाले माइक्रो-ग्रिड पर अनुसंधान करने और उसके विकास के लिए 52900 अमेरिकी डॉलर मूल्य का अनुबंध मिला। ये अनुबंध जापान स्थित अमेरिकी प्रशांत वायुसेना, यकोटा एयर बेस द्वारा दिया गया।
- सीओपी 21 जलवायु शिखर सम्मेलन के अवसर पर यस बैंक लिमिटेड ने क्लाइमेट एक्शन के लिए 2020 तक 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाने की घोषणा की।
- 10 दिसंबर 2015 को विश्वभर में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। पहला मानवाधिकार दिवस वर्ष 1950 में मनाया गया था।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रीय जलमार्ग विधेयक, 2015 में संशोधन को मंजूरी।

**राष्ट्रीय जलमार्ग विधेयक, 2015**

- यह संशोधन 106 अतिरिक्त मार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग में जोड़ने का अधिकार देता है।
- इन मार्गों के कार्यरत होने पर देश में कुल 111 जलमार्ग हो जायेंगे। जलमार्ग में नदी एवं जल का अधिकार उस राज्य का ही रहेगा।

- टाइम मैगजीन ने वर्ष 2015 के लिए जर्मनी की चांसलर एंजेला मार्केल को 'पर्सन ऑफ द ईयर' चुना।

**पर्सन ऑफ द ईयर**

- सम्मान प्रत्येक वर्ष पत्रिका टाइम्स द्वारा प्रदान किया जाता है।
- इसकी शुरुआत वर्ष 1927 में की गई थी।
- इस सम्मान की घोषणा प्रत्येक वर्ष के दिसम्बर माह में की जाती है।
- यह सम्मान प्रत्येक वर्ष उन लोगों को दिया जाता है जो वर्ष में अत्याधिक चर्चा (सकारात्मक और नकारात्मक) में रहें हो।

- मेक्सिको ने विश्व के पहले डेंगू के टीके को मंजूरी प्रदान की। इस टीके को फ्रांस के दवा निर्माता समूह सनोफी के टीका निर्माण विभाग 'सनोफी पाश्चर' ने विकसित किया है। डेंगू एक वायरल बीमारी है जो मादा जाति के एडीस ईजिप्ती नामक मच्छर से होता है।
- हरियाणा में केवल पढ़े-लिखे उम्मीदवार ही पंचायत चुनाव में खड़े हो सकेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार द्वारा जारी किये गए नए नियमों पर अपनी सहमति व्यक्त की।

- भारत और इंग्लैंड ने "इंग्लैंड - भारत शिक्षा अनुसंधान एवं नवाचार वर्ष" नामक एक संयुक्त कार्यक्रम आरंभ किया। इसके अंतर्गत इंग्लैंड के अकादमीशियन भारत में ग्लोबल इनिशिएटीव ऑफ़ अकादमिक नेटवर्क्स प्रोग्राम के तहत भारत आ सकेंगे।
- चार भारतीय शिक्षकों को शिक्षण के लिए नोबेल पुरस्कार कहे जाने वाले वार्की जीईएमएस फाउन्डेशन ग्लोबल टीचर प्राइज 2016 के लिए मनोनीत किया गया।

**वार्की जीईएमएस फाउन्डेशन ग्लोबल टीचर प्राइज़**

- पुरस्कार का शुभारम्भ वर्ष 2014 में वार्की फाउंडेशन एट द ग्लोबल एजुकेशन एण्ड स्किल फोरम द्वारा किया गया।
- यह पुरस्कार अध्यापन के पेशे के महत्व को पहचान करने के लिए शुरू किया गया।

- केन्द्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनरोद्धार मंत्री उमा भारती ने नमामि गंगे परियोजना की सफलता हेतु जल संसाधन मंत्रालय ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ समझौता किया।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में जहाज निर्माण और जहाज मरम्मत उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए 4000 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- नसीरुद्दीन शाह को दुबई में आयोजित दुबई इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्करण के दौरान को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नसीरुद्दीन शाह के अतिरिक्त फ्रांसीसी अभिनेत्री कैथरीन डेनेयुव को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2014 का लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार आशा भोसले को दिया गया था।
- चीन में 2004 में लॉन्च मोबाइल टेलीफोन कंपनी ओप्पो 2016 से 2020 तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ग्लोबल पार्टनर होगी।
- केंद्र सरकार ने प्याज़ का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी = जिससे कम मूल्य पर कोई भी व्यापारी उक्त वस्तु को नहीं बेच सकता) 700 डॉलर से घटाकर 400 डॉलर प्रति टन किया।
- न्यूजीलैंड के पूर्व टेस्ट विकेटकीपर क्रूगर वैन वाइक ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की।
- म्यांमार ने यांगून स्टॉक एक्सचेंज (वाईएसएक्स) नामक नए स्टॉक एक्सचेंज का उद्घाटन किया।
- पर्यटन एवं संस्कृति राज्यं मंत्री (स्वसतंत्र प्रभार) महेश शर्मा ने 'भारत-लाओस: अंतर-सांस्कृतिक संबंध' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- वर्ष 2016 का टी-20 विश्वकप 8 मार्च 2016 से 3 अप्रैल 2016 के मध्य आयोजित की जाएगा।

www.crackgpsc.com

- पीके सिंह बने सेल - स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड (भारतीय इस्पात प्राधिकरण) के चेयरमैन।
- भारत की ओर से राजस्व सचिव डॉ. हसमुख अधिया और जापान की ओर से जापान के राजदूत केंजी हीरामत्सुक ने भारत एवं जापान के बीच दोहरे कराधान समझौते में संशोधन करने हेतु प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किये।
- भारत में जन्में लेखक सलमान रुश्दी लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए प्रख्यात मेलर प्राइज से सम्मानित।

**मेलर प्राइज़**

- यह पुरस्कार उन लेखकों को दिया जाता है जिन्होंने अपने स्वतन्त्र लेखन के माध्यम से किसी मुद्दे पर बहस छेड़ी हो।

- राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 'भारतीय राष्ट्रपति की वेबसाइट' (president of India's website) में बच्चों के खंड (http://164.100.23.71/demotemprb/RB-CS/RB-CS-Home.aspx) का आरंभ किया।
- यूनियन साइकिलिस्ट इंटरनेशनल द्वारा जारी वर्ल्ड एलीट वीमेन रैंकिंग में देबोरा हेरल्ड को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। वे भारत की पहली साइकिलिस्ट हैं जिन्हें यह स्थान प्राप्त हुआ।
- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा वाराणसी एवं जयपुर को पहली बार क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क में शामिल किया गया। वाराणसी को सिटी और म्यूजिक (संगीत) और जयपुर को सिटी ऑफ़ क्राफ्ट एवं फोक आर्ट (शिल्प कला एवं लोक कला) श्रेणी में शामिल किया गया है।
- फिलिपींस में 'मेलर तूफान'। मेलर एक चक्रवाती तूफान है, जिसका स्थानीय नाम 'नोना' हैं।
- प्रसिद्ध अर्थशास्त्री, कृषि विशेषज्ञ, पत्रकार शरद जोशी का निधन। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हेतु शेतकारी महिला अघादी (एसएमए) संगठन की स्थापना की थी।
- भारतीय सिनेमा के अभिनेता दिलीप कुमार को गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पद्म विभूषण से सम्मानित किया।

**दिलीप कुमार**

- उनकी पहली फिल्म बॉम्बे टॉकीज द्वारा निर्मित ज्वार भाटा थी।
- एक भारतीय अभिनेता के रूप में अधिकतम जीतने के लिए उनके नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है।

- 12वें दक्षिण एशियाई खेल-2016 (ओसी-एसएजी) की आयोजन समिति ने आईटीए सांस्कृतिक केन्द्र माचखोआ, गुवाहाटी, असम में आयोजित एक समारोह में प्रतीक चिन्ह और शुभंकर का अनावरण किया।

www.crackgpsc.com

**प्रतीक चिन्ह**

➢ प्रतीक चिन्ह में 8 पंखुड़िया हैं, जो 12वें दक्षिण एशियाई खेलों में प्रतिभागी देशों को दर्शाते हैं। यह पंखुड़ियां घड़ी की दिशा में आगे बढ़ती हुई दिखाई देती हैं।

**शुभंकर**

➢ शुभंकर का नाम तिखोर रखा गया है। जो 12वें दक्षिण एशियाई खेल 2016 का ब्रांड एम्बेसडर है।

- पूर्व मुंबई पुलिस कमिश्नर अहमद जावेद को सउदी अरब में भारत के राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। वह हामिद अली राव का स्थान लेंगे।
- 'लाइफ ऑन माय टर्म्स: जमीनी स्तर से सत्ता के गलियारों तक', राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता (राकांपा) शरद पवार की आत्मकथा का 75 वें जन्मदिन पर विमोचन। पुस्तक में पवार ने 50 साल के राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपने अनुभवों का विस्तृत वर्णन किया है। उन्होंने पुस्तक में राजीव गांधी के साथ संबंधों के बारे में बताया है।
- म्यांमार के शान राज्य में देश के पहले यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व 'इन्ले झील' का शुभारंभ किया।

**इन्ले झील**

➢ इन्ले झील को वर्ष 2015 के जून माह में पेरिस में 'यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व' के रूप में नामित किया गया था।

- सॉफ्टवेयर कंपनी विप्रो को इंटरनेट (आईओटी) हेतु समाधान विकसित करने के लिए "2015 एजिस ग्राहम बेल पुरस्कार" का विजेता घोषित किया गया।
- भारत और जापान के बीच बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर एक समझौता। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापानी प्रधानमंत्री शिंजो अबे ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**बुलेट ट्रेन समझौता**

➢ बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए जापान भारत को कुल 12 अरब डॉलर यानी करीब 80,400 करोड़ रुपये का लोन देगा।

➢ जापान, भारत को 50 साल की अवधि के लिए यह कर्ज देगा। जिस पर 15 साल तक कोई ब्याज नहीं चुकाना होगा।

➢ मुंबई-अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन चलाने के लिए करार।

करन्ट शतक
Most Imp करन्ट अफेर्स हिन्दी में
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों उत्तर के साथ

www.crackgpsc.com

- ओलंपिक पदक विजेता विजय कुमार ने नई दिल्ली स्थित डॉक्टर कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 59वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता।
- बौद्धों के लिए नए वर्ष की शुरुआत का प्रतीक तिब्बती बौद्ध महोत्सव लोसर का जम्मू एवं कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र में शुभारम्भ।
- सरकार की ओर से केंद्रीय गृह मंत्रालय का ऑपरेशन स्माइल का दूसरा चरण 'ऑपरेशन स्माइल-द्वितीय' देश भर में 01 जनवरी 2016 से प्रारंभ किया जाएगा।

**ऑपरेशन स्माइल-द्वितीय**

- लापता बच्चों के बचाव/पुनर्वास से जुड़े पिछले अभियान के बाद आगे की पहल के रूप में 'ऑपरेशन स्माइल-द्वितीय' का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसे देश भर में शुरू किया जाएगा।

- इन्फोसिस ने खेल से सम्बंधित उपकरण बनाने वाली कंपनी स्टार्टअप व्हूप में अल्पांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण हेतु 30 लाख डालर का निवेश किया।
- केंद्र सरकार ने पूर्व सैनिकों के लिए 'वन रैंक वन पेंशन' (ओआरओपी) योजना के क्रियान्वयन पर गौर करने के लिए सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश एल. नरसिम्हा रेड्डी की अध्यक्षता में एक न्यायिक समिति गठित की।
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में आयोजित संगीत सम्मान पुरस्कार समारोह में वरिष्ठ संगीतकार बप्पी लाहिड़ी और गायक कुमार सानू को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से पुरस्कृत किया।
- राजस्थान स्मार्ट सिटी का प्रस्ताव पेश करने वाला भारत का पहला राज्य। स्मार्ट सिटी के रूप में अजमेर, जयपुर, कोटा और उदयपुर को विकसित किया जाएगा।
- टेक महिंद्रा एवं महिंद्रा एंड महिंद्रा ने इटली की ऑटोमोबाइल डिज़ाइन कंपनी पिनिनफेरिना के 76 प्रतिशत शेयर का अधिग्रहण किया।
- दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद (एसजेडसी) का 26 वां सम्मेलन विजयवाडा, आंध्र प्रदेश में केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

**क्षेत्रीय परिषद**

- क्षेत्रीय परिषद सलाहकार निकाय हैं जो जन समुदाय के हित, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सामाजिक कल्याण, भाषाई अल्पसंख्यकों, सीमा विवाद, आदि विषयों पर केन्द्र और राज्य सरकारों के साथ चर्चा करती है और आम हित के लिए सलाह देती है।
- क्षेत्रीय परिषद का विचार 1956 में पहली बार भारत के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा किया गया।
- केंद्रीय गृह मंत्री इन परिषदों में से प्रत्येक के अध्यक्ष हैं। राज्यों के मुख्यमंत्री

www.crackgpsc.com

बारी-बारी से सम्बंधित क्षेत्र के लिए एक वर्ष की अवधि तक क्षेत्रीय परिषद के उपाध्यक्ष होते हैं।

- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने वर्ष 2015 की मानव विकास रिपोर्ट इथोपिया में जारी की। 188 देशों की सूची में भारत को 130वां स्थान प्राप्त हुआ। रिपोर्ट के तीन शीर्ष देश क्रमशः नॉर्वे, ऑस्ट्रेलिया और स्विट्जरलैंड हैं।
- भारतीय मूल के प्रवीण गोरधन दक्षिण अफ्रीका के वित्त मंत्री नियुक्त। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति जैकब जुमा।
- अमेरिका की प्रतिष्ठित खेल पत्रिका स्पोर्ट्स इलस्ट्रेटेड (एसआइ) ने दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स को 'स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर' चुना।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त कमांडर्स सम्मेलन की अध्यक्षता की।

**संयुक्त कमांडर्स सम्मेलन**

- यह सेना की तीनों शाखाओं का वार्षिक सम्मेलन है।
- पहली बार दिल्ली से बाहर कोच्चि तट से 50 किलोमीटर की दूरी पर आईएनएस विक्रमादित्य पर आयोजन किया गया।
- इस तरह का अहम सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले साल दिये गये सुझाव के बाद राष्ट्रीय राजधानी से बाहर आयोजित किया गया।

- ऊर्जा उत्पादन कंपनी वेलस्पन रिन्यूवल एनर्जी ने राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में 126 मेगावाट पवन परियोजना के शुरू करने की घोषणा की।
- गोल्डन रीच शिपबिल्डार्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) कोलकाता द्वारा निर्मित (लैंडिंग क्रॉफ्ट यूटिलिटी) 'एलसीयू - एल 55' पांचवां युद्ध पोत भारतीय नौसेना के के लिए तैयार।

**एलसीयू एमके 4 परियोजना**

- लैंडिंग क्राफ्ट यूनिट मार्क चतुर्थ (एलसीयू एमके चतुर्थ) जीआरएसई द्वारा स्वदेशी डिजाइन और निर्मित शिल्प है। इस परियोजना के तहत श्रृंखलाबद्ध आठ युद्ध पोत जीआरएसई द्वारा भारतीय नौसेना के लिए तैयार किए जाने हैं। एल 55, पांचवां युद्ध पोत है।

- विशाखापत्तनम में भारत-रूस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास, इंद्रा नेवी-15 आरंभ।
- विश्व बैंक ने शॉक वेव्सः मैनेजिंग द इंपैक्ट्स ऑफ क्लाइमेट चेंज ऑन पोवर्टी नाम से रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन और गरीबी के मध्य दुहरे संबंध ( परस्पर

क्रिया) की जांच की गयी है और निष्कर्ष निकाला गया है कि विश्व में बढ़ती गरीबी के प्राथमिक कारकों में से एक जलवायु परिवर्तन है।

- ए के जैन को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) का मुख्य अधिकारी नियुक्त किया गया। वह अनीता कपूर का स्थान लेंगे।
- अखिलेश मिश्रा मालदीव के अगले उच्चायुक्त। वह राजीव शाहारे का स्थान लेंगे, उन्हें अब डेनमार्क में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है।
- 14 दिसंबर 2015 : भारत में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया।
  - ➢ उत्तर प्रदेश सरकार ने 14 दिसम्बर 2015 को ऊर्जा संरक्षण के तहत यूपीसेवएनर्जी डॉट कॉम (upsavesenergy.com) नाम से पोर्टल शुरू किया।
- 16 दिसंबर: देश में विजय दिवस के रूप में मनाया गया।

**विजय दिवस**

➢ भारतीय सेना द्वारा वर्ष 1971 में पाकिस्तान सेना पर जीत (16 दिसंबर 1971) के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष विजय दिवस मनाया जाता है।

- इलाहबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश वीरेन्द्र सिंह उत्तर प्रदेश के नए लोकायुक्त।
- बढ़ते प्रदूषण को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली में 2000 सीसी से अधिक की डीजल गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाने का आदेश। 31 मार्च 2016 तक दिल्ली में डीजल गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाई गई।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान : पीएसएलवी- सी-29 द्वारा श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सिंगापुर के छह उपग्रहों को प्रक्षेपित किया।
- विश्व बैंक ने स्वच्छ भारत अभियान के लिए 1.5 अरब डॉलर के ऋण को मंजूरी प्रदान की। इसका उपयोग स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के लिए किया जाएगा।
- इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने अपनी ई-खानपान की सुविधा के लिए भुगतान गेटवे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेटीएम के साथ करार किया। ई-केटरिंग की सुविधा का और प्रसार करने के लिए इसका नाम फ़ूड ऑं ट्रैक रखा था।
- पाकिस्तान ने **'शाहीन 1-ए'** प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया। शाहीन 1-ए का कोड नाम हत्फ-चतुर्थ शाहीन है।
- रेवा क्षेत्रपाल ने दिल्ली के लोकायुक्त पद की शपथ ली। दिल्ली के राज्यपाल नजीब जंग ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- फोर्ब्स पत्रिका ने वर्ष 2015 में व्यापार के लिए सर्वश्रेष्ठ देशों की सूची जारी की। 144 देशों की सूची में भारत को 97वां स्थान प्राप्त हुआ है। डेनमार्क सर्वश्रेष्ठ देश।

- अरुणाचल प्रदेश विधानसभा ने विधानसभा अध्यक्ष नबाम रेबिया के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित किया।
- सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमटेड तीन वर्षों के लिए हाकी इंडिया लीग का नया टाइटिल प्रायोजक। जो हीरो मोटोकार्प की जगह लेगा।
- आईपीएल के पूर्व विवादित कमिश्नर ललित मोदी राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के पद पर पुन: अध्यक्ष नियुक्त हो गए।
- अनिल अम्बानी की रिलायंस एंटरटेनमेंट और स्टीवेन स्पिलबर्ग की ड्रीमवर्क्स ने एक नई फिल्म, टेलीविजन और डिजिटल सामग्री निर्माण कंपनी 'अंबलिन पार्टनर्स' के गठन की घोषणा की।
- भारत के 67वें गणतंत्र दिवस समारोह में 26 जनवरी 2016 को फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद मुख्य अतिथि होंगे। यह पांचवीं बार है जब फ्रांस का कोई नेता भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होगा। निकोलस सरकोजी 2008 में इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आ चुके हैं।
- भारत ने वैश्विक मानवीय राहत अभियानों में सहयोग के लिए संयुक्त राष्ट्र की त्वरित प्रतिक्रिया कोष प्रणाली में वर्ष 2015-16 की अवधि में पांच लाख डॉलर का योगदान देने की घोषणा की।
- साहित्य अकादमी ने साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा की। जो 16 फरवरी 2016 को दिए जाएंगे।

**कविता संग्रह :**

- ➢ ब्रजेन्द्रर कुमार (बोडो)
- ➢ रामदरश मिश्र (हिंदी)
- ➢ रामशंकर अवस्थीर (संस्कृत)

**कहानी संग्रह :**

- ➢ कुल सेइकिया (असमिया)

**उपन्यातसकार :**

- ➢ साइरस मिस्त्रीन (अंग्रेजी)
- ➢ रसिक शाह (गुजराती)

**साहित्य अकादमी पुरस्कार :**

- ➢ वर्ष 1954 में अपनी स्थापना के समय से ही साहित्य अकादमी प्रतिवर्ष भारत की प्रमुख भाषाओं में से प्रत्येक में सर्वोत्कृष्ट साहित्यिक कृति को पुरस्कार प्रदान करती है। पहली बार ये पुरस्कार वर्ष 1955 में दिए गए थे।

www.crackgpsc.com

- राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को हास स्कूल ऑफ बिजनेस (कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय) की ओर से 'सार्वजनिक नवाचार में उत्कृष्ट वैश्विक मार्गदर्शन' के लिए गारवुड पुरस्कार से सम्मानित किये गए।
- यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ फ्लोरिडा ने पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के सम्मान में उनके नाम पर फेलोशिप का ऐलान किया। यह अवॉर्ड ऐसे भारतीय विद्यार्थियों को दिया जाएगा जो यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ फ्लोरिडा में पीएचडी करने की इच्छा रखते हैं।
- पूर्व भारतीय ऑल-राउंडर मनोज प्रभाकर को अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के गेंदबाज़ी कोच बनाए गए।

Useful For....
UPSC, GPSC, GAUN SEVA, PSI, SSC, CDS, NDA, AIR FORCE, NAVY, IB, IFS, RBI, IBPS, SBI, TAT, TET, HTAT, Railway, Post, LIC, GIC, AAO, GCET, MBA & All Competitive Exams
www.crackgpsc.com

- पूर्व रक्षा सचिव आर के माथुर को मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) नियुक्त किए गए। वह विजय शर्मा का स्थान लेंगे।
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अध्यक्षता में राज्य मंत्रीमंडल ने राज्य में पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया।
- टेनिस इंटेग्रिटी यूनिट द्वारा ग्रीक टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर जेकुपोविक पर भ्रष्टाचार रोधी कार्यक्रम के तहत दोषी पाने से आजीवन प्रतिबंध का निर्देश।
- सर्वाधिक टेस्ट रग्बी अंक अर्जित करने वाले डैन कार्टरने वर्ष 2015 के 'बीबीसी ओवरसीज़ स्पोर्ट्स पर्सनेलिटी ऑफ द इयर' तीसरी बार जीता।
- 18 दिसम्बर : अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस

**अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस**

- वर्ष 2015, मानवीय पीड़ा और प्रवासी त्रासदियों के रूप में याद किया जाएगा।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 4 दिसम्बर 2000 को सम्पूर्ण विश्व में बढ़ते प्रवासियों की संख्या को देखते हुए को 18 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

www.crackgpsc.com

- उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार की उदय योजना (उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना) में राज्य की भागीदारी को अपनी मंजूरी प्रदान की। इस योजना में विद्युत की लागत कम करने का प्रावधान है।
- मिस स्पेन मिरिया लालागुना रायो ने विश्व सुंदरी 2015 का खिताब जीता। प्रतियोगिता का 65वां संस्करण चीन के सान्या नाम शहर में आयोजित की गई थी।
- अमेरिका के लॉस वेगास शहर में आयोजित 64वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में मिस फिलीपींस पिया अलोंजो वर्त्जबैक ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता।

| |
|---|
| कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्टीव हार्वे ने गलती से मिस कोलंबिया को इस खिताब के लिए घोषित किया लेकिन बाद में उन्होंने गलती सुधारते हुए मिस फिलीपींस ने नाम की घोषणा की। |

- केंद्रीय आयकर विभाग द्वारा दिसंबर 2015 में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2015-16 में देश में आयकर दाताओं (इनकम टैक्सपेयर) की संख्या में 27 लाख नए लोगों की वृद्धि। आयकर विभाग ने चालू वित्त वर्ष (2015-16) में एक करोड़ नए लोगों को आयकर के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा है।
- तीन दिवसीय द्वितीय विश्व इंटरनेट सम्मेलन (डब्लूवाईसी) चीन के झेजियांग प्रांत में स्थित वुजेन शहर में संपन्न।
- स्पेन के फुटबॉल क्लब बार्सीलोना ने अर्जेंटीना के क्लब रिवर प्लेट को हराकर रिकार्ड तीसरी बार फीफा क्लब विश्व कप फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब जीता।
- संयुक्त राष्ट्र ने इटली में आधिकारिक रूप से वर्ष 2016 को अन्तर्राष्ट्रीय दलहन वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की।
- केन विलियमसन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पाने वाले न्यूजीलैंड के पहले क्रिकेटर।
- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पुरुष वर्ग में युजेंसन लिंगदोह एवं महिला वर्ग में बाला देवी को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाडियों के रूप में सम्मानित किया।
- टाटा मोटर्स को यूरोपीय आयोग द्वारा जारी वर्ष 2015 के लिए शोध एवं विकास (आरएंडडी) सूची में निवेश के मामले में दुनिया की शीर्ष 50 कंपनियों की सूची में 49 वें स्थान पर शामिल किया गया।
- भारतीय खिलाड़ी अभय सिंह ने पुरूष अंडर-19 के फाइनल में मलेशिया के एल्विन चाइ को हराकर ओल्ड चांग की सिंगापुर स्क्वाश ओपन का खिताब जीता।
- ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे को वर्ष 2015 के 'बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनालिटी ऑफ़ द इयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने के लिए राज्य सरकार और टाटा ट्रस्ट के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर।
- अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ फीफा ने सेप ब्लेटर और माइकल प्लातिनी पर आठ वर्ष का प्रतिबंध लगाया।
- रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने रक्षा खरीद प्रक्रिया को आसान एवं पारदर्शी बनाने के लिए मेकइनइंडिया डिफेंस डॉट कॉम वेबसाईट का शुभारम्भ किया।
- वर्ष 2016 के जनवरी माह में बंगलादेश में आयोजित होने वाले अंडर-19 विश्वकप की भारतीय टीम के लिए भारत की ओर से इशान किशन को अंडर-19 टीम का कप्तान चुना गया है।
- नि:शक्तजन अधिकारिता विभाग के सचिव लव वर्मा द्वारा नई दिल्ली स्थित पर्यावरण भवन में दृष्टिहीन तथा दृष्टिबाधित लोगों के लिए 'आईवे नेशनल हेल्पडेस्क 'आरंभ किया गया। भारत के दृष्टि बाधित नागरिक टॉल फ्री नंबर 1800-300-20469 पर आईवे नेशनल हेल्पडेस्क को कॉल करके अपनी सूचनाओं का जवाब प्राप्त कर सकते हैं।
- विश्व की नंबर एक युगल खिलाड़ी और देश की शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा अगले वर्ष तीन फरवरी से शुरू होने वाले फेड कप टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी।

**फेड कप**

- यह महिलाओं की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता है।
- वर्ष 1995 तक इसे फेडेरेशन कप के नाम से जाना जाता था।
- पुरषों की एसी ही अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता को डेविस कप कहते हैं.

- गुजरात प्रधानमंत्री आवास योजना (अरबन) के अंतर्गत झुग्गी वासियों के पुनर्वास के लिए निजी-सार्वजानिक भागीदारी (पीपीपी) परियोजना शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बना।
- अमेरिकी एयरोस्पेस निर्माता और अंतरिक्ष परिवहन सेवा प्रदाता स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज़ कारपोरेशन(स्पेस एक्स) ने का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।

**फेल्कन 9 रॉकेट**

- इस प्रक्षेपण में रॉकेट ने 11 उपग्रहों को प्रक्षेपित किया। इनका सम्बन्ध मशीन टू मशीन वैश्विक संचार के ओआरबीकॉम(ORBCOMM) मिशन से था।
- यह पहली बार है जब कोई रॉकेट उपग्रहों को स्थापित करने के बाद पुनः धरती पर वापस लौटने में सफल रहा।

- 22 दिसम्बर : महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की स्मृति में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया गया।

www.crackgpsc.com

- इंटरनेट सर्च इंजन 'याहू' की वर्ष 2015 में भारत के सर्वश्रेष्ठ व्यक्तित्व की सूची में '**गाय**' (Cow) ने शीर्ष स्थान हासिल किया। राजनीतिक हस्तियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर्वाधिक सर्च किए गए राजनेता।
- न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान ब्रैंडन मैकुलम ने की सन्यास की घोषणा
- बीएसएफ का एक चार्टेड विमान सुपरकिंग दिल्ली के द्वारका सेक्टर-8 के शाहाबाद गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।
- राज्यसभा में जुवेनाइल जस्टिस बिल 2015 बिना संशोधन के ध्वनिमत से पारित।

**जुवेनाइल जस्टिस बिल 2015**

- जघन्य अपराधों में नाबालिग अपराधियों की उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल कर दी गई।
- संसद में मिली मंजूरी के बाद अब बिल राष्ट्रपति के पास जाएगा। इसके बाद यह क़ानून का रूप लेगा।
- इस बिल के तहत अधिकतम सजा का प्रावधान 10 साल रखा गया है।

- आईटीएफ ने संयुक्त राज्य अमेरिका की सेरेना विलियम्स और सर्बिया के नोवाक जोकोविच को वर्ष 2015 का आईटीएफ विश्व चैंपियन घोषित किया।

स्विट्जरलैंड की मार्टिना हिंगिस और भारत की सानिया मिर्जा महिला डबल्स विश्व चैंपियन चुना गया।
नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजेर और रोमानिया के होरिया टेकाउ को पुरुषों का डबल्स विश्व चैंपियन चुना गया।

- फिलीपींस डेंगू टीका डेंगा वैक्सिया की बिक्री को मंजूरी प्रदान करने वाला एशिया का पहला देश। इस टीके को फ़्रांस के दवा निर्माता समूह सनोफी के टीका निर्माण विभाग 'सनोफी पाश्चर' ने विकसित किया है। यह टीका सिर्फ 9 से 45 वर्ष के आयु समूह के लिए ही है।
- ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसन अल-बोलकिया द्वारा मुस्लिमों को देश में सार्वजनिक स्थानों पर क्रिसमस मनाने पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा।
- रिलायंस कम्युनिकेशंस और एयरसेल ने अपने वायरलेस बिजनेस का विलय करने की घोषणा की। यह सौदा 35,000 करोड़ रुपये की इकाई के रूप में सामने आएगा।
- केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय द्वारा भारतीय हथकरघा प्रदर्शनी का नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय में शुभारंभ। प्रदर्शनी का थीम 'भारतीय हथकरघा: परंपरा और रुझान'। केन्द्रीय कपड़ा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संतोष कुमार गंगवार।

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने एकीकृत मत्स्य पालन विकास और प्रबंधन हेतु एक वृहद योजना के लिए 3000 करोड़ रूपए की मंजूरी प्रदान की। समयावधि पांच वर्ष होगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में सलमा बांध के निर्माण के लिए 1775.69 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि (संशोधित) को मंजूरी।

**सलमा बांध**

- अफगानिस्तान के चिश्ती शरीफ नामक जिले के हेरात नामक शहर में।
- इस बांध का निर्माण वर्ष 1976 में हरि नदी पर किया गया था। परन्तु अफगानिस्तान में गृहयुद्ध में यह बांध क्षतिग्रस्त हो गया।

- हरियाणा सरकार ने फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र और सांसद हेमामालिनी को पर्यटन विभाग का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया। हरियाणा के पर्यटन मंत्री राम बिलास शर्मा।
- गुड़गांव स्थित ग्रॉसरी शॉपिंग (किराने की डिलीवरी) सेवा पेपरटेप ने बेंगलुरु की डिलीवरी स्टार्टअप जिफसौर (Jiffstore) का अधिग्रहण किया।
- अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने सानिया मिर्जा और मार्टिना हिंगिस की जोड़ी को वर्ष 2015 सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महिला युगल विश्व चैम्पियन घोषित किया.
- चीन ने रहस्यमय काले पदार्थ पर प्रकाश डालने वाले डार्क मैटर पार्टिकल एक्सप्लोरर (डीएएमपीई) उपग्रह का प्रक्षेपण किया। उपग्रह को वुकोंग (Wukong) उपनाम दिया गया।
- ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ वर्ष 2015 के आईसीसी क्रिकेटर ऑफ़ द इयर और आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ़ द इयर चुना गया और सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी से सम्मानित। दक्षिण अफ्रीका के ए.बी.डिविलियर्स को वर्ष 2015 के लिए ओडीआई प्लेयर ऑफ़ दद इयर (सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी) पुरस्कार।
- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य में शहरों की सफाई को ठीक रखने के लिए मुख्यमंत्री आदर्श नगर निकाय योजना लागू करने का निर्णय लिया गया।
- भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान के तहत चीन की मोबाइल हैंडसेट कंपनी विवो ने भारत में ग्रेटर नोएडा में कंपनी प्रोडक्शअन प्लांट लगाया।
- वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पवन कुमार अग्रवाल भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त। वे युद्धवीर सिंह मलिक का स्थान लेंगे।
- माइकल बैडली बने वर्ष 2015 के अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबाल खिलाड़ी।
- जिम्बॉब्वे के वित्त मंत्री पैट्रिक चिनामसा ने चीन की मुद्रा युआन को आधिकारिक तौर पर अपनाने की घोषणा की।

- ICICI बैंक ने अपनी वेबसाइट के जरिए रेल टिकटों की बिक्री करने के लिए रेलवे के ई-टिकटिंग प्लेटफॉर्म आईआरसीटीसी के साथ गठबंधन किया। आईसीआईसीआई बैंक देश का पहला ऐसा बैंक है, जिसने अपनी वेबसाइट पर ऐसी सुविधा उपलब्ध कराई।
- केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने किसानों के लिए दो मोबाइल एप्प "क्रॉप इंश्योरेंस" और "एग्रीमार्केट मोबाइल" लांच की।

**क्रॉप इंश्योरेंस**

- बीमा कवर के बारे मं पूरी जानकारी।
- ऋण लेने वाले किसानों को अधिसूचित फसल के लिए इंश्योरेंस प्रीमियम, कवरेज राशि तथा ऋण राशि की गणना में मदद।

**एग्रीमार्केट मोबाइल**

- किसान 50 किलोमीटर के दायरे की मंडियों में फसलों का मूल्य तथा देश की अन्य मंडियों में मूल्य के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी पटना में 15 साल पुराने डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया।
- गौतम एच बंबावाले पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त। वर्तमान में वे भूटान में भारत के राजदूत हैं। बंबावाले, टीसीए राघवन के स्थान पर नियुक्त होंगे।
- पेंडोरम टेक्नोलॉजी प्रॉइवेट लिमेटिड ने 3 डी प्रिंटिंग का उपयोग करते हुए भारत का पहला कृत्रिम वृक्क ऊतक विकसित किया।
- भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो ने 13 करोड़ डॉलर में अमेरिकी कंपनी विटिओस के अधिग्रहण करने की घोषणा की। विटिओस कंपनी की स्थापना 2003 में हुई थी और इसका मुख्यालय न्यूजर्सी के सॉमरसेट में है।
- 24 दिसंबर 2015 : 30वां राष्ट्रीय उपभोक्ताओं अधिकार दिवस भारत में मनाया गया। 24 दिसंबर 1986 को ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 विधेयक पारित किय गया था।
- पूर्व भारतीय विकेटकीपर सैयद किरमानी को वर्ष 2015 के कर्नल सी के नायडू लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार।

**कर्नल सी के नायडू लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार**

- बीसीसीआई यह पुरस्कार भारत के पहले टेस्ट कप्तान कर्नल सी के नायडू की जयंती के शताब्दी वर्ष के अवसर पर क्रिकेट में अभूतपूर्व योगदान देने वाले खिलाड़ियों को प्रदान करती है। इस पुरस्कार की शुरुआत 1994 में हुई थी और पहला पुरस्कार लाला अमरनाथ को मिला था। कपिल देव (2013), दिलीप वेंगसरकर (2014)

www.crackgpsc.com

- हिन्दी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री साधना का निधन।
- आइडिया सेलुलर भारत में 4जी सेवा शुरू करने वाला तीसरा मोबाइल ऑपरेटर बना। इससे पहले भारती एयरटेल और वोडाफोन इंडिया ने भारत में 4जी सेवा शुरू की थी।
- भारत का पहला स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस गोदावरी सेवानिवृत्त। आईएनएस गोदावरी को 10 दिसंबर 1983 में नौसेना में शामिल किया गया था.
- संजीता चानू और कोरादा रमन्ना ने सीनियर राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में क्रमश: महिलाओं के 48 किग्रा और पुरूषों के 56 किग्रा में स्वर्ण पदक जीते।
- देश भर में 1 जुलाई से 7 जुलाई, 2015 तक आयोजित डिजिटल इंडिया सप्ताह के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यो के लिए देश भर में पहला स्थान।

> ➢ छत्तीसगढ़ के तीन जिलों को भी भारत सरकार द्वारा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।
> ➢ जिलों की श्रेणी में 1. कोंडागांव, 2. कोरिया, 3. गरियाबंद।
> ➢ डिजिटल सप्ताह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में हिमाचल प्रदेश को दूसरा और मेघालय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।
> ➢ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह।

- जापान की पर्वतारोही केई तानीगुची की चढ़ाई करते वक्त गिरने से मौत हुई। वो 2007 में माउंट एवेरेस्ट चढ़ी थी।
- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच 16 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत और रूस के बीच परमाणु ऊर्जा, हाइड्रोकार्बन, सौर ऊर्जा, रेलवे और वीजा क्षेत्रों में हस्ताक्षर।
- काबुल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत द्वारा निर्मित अफगानिस्तान संसद की नई इमारत का उद्घाटन किया।

> ➢ प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी की यह पहली अफगानिस्तान यात्रा है।
> ➢ अफगानिस्तान की संसद के एक ब्लॉक का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया।
> ➢ इसका डिजाइन मुगल और आधुनिक कला पर आधारित है।

- ब्रिटेन की आर्थिक शोध संस्थान 'सेंटर फॉर इकोनॉमिक्स बिजनेस एंड रिसर्च' (सीईबीआर) द्वारा दिसंबर 2015 में जारी एक अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। भारत चीन का पीछा करेगा और वर्ष 2050 के बाद यह चीन को भी पीछे छोड़ देगा।

www.crackgpsc.com

- जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में स्थित बसोहली कस्बा में केंद्रीय रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने उत्तर भारत के पहले केबल पुल को राष्ट्र को समर्पित किया।

| **बसोहली केबल पुल** |
|---|
| ➢ 592 मीटर पुल का निर्माण रावी नदी के ऊपर बसोहली-दुनेरा-बनी-भद्रवाह रोड पर किया गया। |

- 25 दिसम्बर: सुशासन दिवस

| **सुशासन दिवस** |
|---|
| ➢ यह दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। |

- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने चार नई आईटी आधारित पहल की घोषणा की। इन पहलों में किलकारी, मोबाइल एकेडमी और 'एम-नशा उन्मूलन' तीन एप्लिकेशन शामिल हैं। इसेक अलावा टीबी रोगियों को परामर्श और उपचार सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800-11-6666 शुरु किया।

| **किलकारी** |
|---|
| ➢ किलकारी एक ऑडियो आधारित मोबाइल सेवा है, जो परिवारों को गर्भावस्था, बच्चे के जन्म और उनकी देखभाल के बारे में साप्ताहिक संदेश भेजेगी। |
| ➢ इसमें लक्षित लाभार्थियों को चार माह की गर्भावस्था से लेकर शिशु के एक वर्ष होने तक कुल 72 संदेश भेजे जाएंगे। |

- ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारुपों में 1000 शतक बनाने वाली पहली टीम बन गई। तीसरे स्थान पर भारत है जिसके 688 शतक हैं। इनमें सबसे ज्यादा 100 अंतर्राष्ट्रीय शतक सचिन तेंदुलकर ने बनाए हैं।

| | | |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | : | 1002 शतक |
| इग्लैंड | : | 964 शतक |
| भारत | : | 688 शतक |




www.crackgpsc.com

- सत्यवती बरेरा को भारत में बिग फोर एकाउंटिंग फर्म की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया। यह स्थान प्राप्त करने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। यह विश्व का चौथा सबसे बड़ा सेवा प्रदाता है जो ऑडिट, एश्योरेन्स, टैक्स, कंसल्टिंग, एडवाइजरी, कॉरपोरेट फाइनेंस एवं लीगल सेवाओं के लिए जाना जाता है।
- बार्सिलोना के सुपर स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मैसी को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुना गया। क्लब बार्सिलोना ने सर्वश्रेष्ठ क्लब का पुरस्कार हासिल किया।
- चीन की संसद में क़ानून में बदलाव। प्रत्येक चीनी दंपति दो बच्चे पैदा कर सकेंगे।
- कर्नाटक में संपन्न विधान परिषद चुनाव में सभी 25 निर्वाचन क्षेत्रों में 99 प्रतिशत मतदान का राष्ट्रीय रिकार्ड।
- इंदौर: पर्यावरण और जन स्वास्थ्य के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए 15,000 से अधिक लोगों ने एक साथ साइकिल चलाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। दक्षिण अफ्रीका में बना विश्व रिकॉर्ड टूटा। इस कार्यक्रम को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्ज ने आधिकारिक मान्यता दी।
- आंध्र प्रदेश सरकार ने प्रौद्योगिकी पहल के तहत माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन पर मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और हैदराबाद में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला के बीच एक बैठक के बाद हस्ताक्षर हुए।
- गुजरात ने दिल्ली को 139 रन से से पराजित कर वर्ष 2015 की विजय हजारे ट्रॉफी जीती। गुजरात ने पहली बार यह क्रिकेट ट्रॉफी जीती।

**विजय हजारे ट्रॉफी**

- विजय हजारे ट्रॉफी को एकदिवसीय रणजी ट्रॉफी भी कहा जाता है।
- इसकी शुरुआत वर्ष 2002-03 की गई थी। इसमें राज्य की टीमें भाग लेती हैं।
- इस ट्रॉफी का नाम क्रिकेट खिलाड़ी विजय हजारे के नाम पर रखा गया था।

- अमिताभ कांत को नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार। वो सिंधु श्री खुल्लर का स्थान लेंगे।
- 28 दिसंबर 2015 : भारतीय सेना ने 44वां नागी दिवस मनाया।

**नागी दिवस**

- नागी दिवस 27-28 दिसम्बर 1971 को नागी की प्रसिद्ध लड़ाई के दौरान देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले भारतीय सेना के वीर सैनिकों की स्मृति में मनाया जाता है।

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अफ्रीकी देश गिनी को इबोला मुक्त घोषित किया।


www.crackgpsc.com

- सार्वजनिक क्षेत्र की भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने उत्तर प्रदेश के बारा में 660 मेगावाट क्षमता की प्रयागराज सुपर तापीय बिजली परियोजना की एक इकाई का शुभारंभ किया।
- करण अडानी, अडानी पोर्ट एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के सीईओ बने।
- केंद्र सरकार का दस लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वर्ग वाले लोगों को एलपीजी सब्सिडी नहीं देने का निर्णय।
- ग्लोब फ़ुटबॉल पुरस्कार का छठा संस्करण दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में।

**ग्लोब सॉकर पुरस्कार**

➢ ग्लोब सॉकर पुरस्कार पहला और एकमात्र पुरस्कार हैं जो सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल क्लब के निदेशक और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ एजेंट को फुटबॉल के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया जाता है।
  - सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर: लियोनेल मेसी (बार्सिलोना)
  - सर्वश्रेष्ठ क्लब : एफसी बार्सिलोना (स्पेन)
  - सर्वश्रेष्ठ एजेंट: जॉर्ज मेंडेस (पुर्तगाल)

- बायोकॉन लिमिटेड ने भारतीय बाजार में हेपेटाइटिस-सी दवा का जेनेरिक संस्करण लांच किया। हरवनी दवा का जेनेरिक संस्करण CIMIVIR-L ब्रांड के तहत बेचा जाएगा।
- हनीफ खान पाकिस्तान हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त।
- महिला और बाल विकास मंत्री मेनका संजय गाधी ने नई दिली स्थित मंत्रालय में ई-आफिस को औपचारिक रूप से लांच किया।
- गुजराती साहित्यकार रघुवीर चौधरी को वर्ष 2015 का ज्ञानपीठ पुरस्कार। चौधरी इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने वाले चौथे गुजराती साहित्यकार।

**ज्ञानपीठ पुरस्कार - गुजराती साहित्यकार**

➢ यह पुरस्कार 1967 में उमा शंकर जोशी, 1985 में पन्नालाल पटेल और वर्ष 2001 में राजेंद्र शाह को दिया गया था।

**रघुवीर चौधरी**

➢ गांधीनगर के बापूपुरा गांव में जन्मे डॉ. चौधरी गुजरात वि.वि. में हिंदी विभाग के प्रोफेसर हैं।

- क्वीरिकाशविली जॉर्जिया के प्रधानमंत्री बने।
- भारतीय नौसेना ने सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की बराक-8 मिसाइल (एलआर-एसएएम) का सफल परीक्षण किया।
- जेठा भरवाड गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के पहले उपाध्यक्ष बने।

- राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी विकास रणनीति 2015-2020 का नई दिल्ली में शुभारंभ। उद्देश्य : भारत को एक विश्व स्तरीय जैव-विनिर्माण केन्द्र के रूप में स्थापित करना।
- रूस ने कम से कम 200 कामोव 226टी हेलीकाप्टर बनाने के लिए हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (HAL) के साथ सरकार की महत्वाकांक्षी 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत 1 अरब डालर मूल्य का समझौता किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा शहरी नियोजन और विकास की नई बुनियादी शहरी ढांचे और आवासीय सुविधा में 42,000 करोड़ रूपये के निवेश को अपनी मंजूरी।
- संस्कृति मंत्रालय ने 12वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के तहत 400 करोड़ रूपये की मंजूरी दी।
- जापान और दक्षिण कोरिया के बीच 'कम्फर्ट वीमेन' विवाद समाप्त हुआ। द्वितीय विश्व युद्ध के समय जापानी सैनिकों द्वारा दो लाख से अधिक महिलाओं को सेक्स स्लेव बना कर रखा गया था, जिसके लिए जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने माफी मांगी।
- शहरी विकास मंत्रालय और न्यूयॉर्क स्थित ब्लूमबर्ग फिलेन्थ्रोपीज़ के मध्य स्मार्ट सिटी परियोजना के विकास के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर।


**We are famous for...**

**The Most IMP,**

**Authentic,**

**To the point,**

**Up to date**

**Material**

**We are**

Crack GPSC ™

www.crackgpsc.com